<u>प्रेस नोट</u>

<u>सराहनीय कार्य कानपुर देहात</u>

<u>दिनाँक- 21.08.2025</u>

- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक से जरिये फोन बात करते हुये आवेदक के 50,000 रुपये ट्रांसफर करवाकर साइबर ठगी की गयी थी।**
- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 41,000 रुपये को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री अखिलेश कुमार पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम मारग मैथा थाना शिवली जनपद कानपुर देहात से साइबर ठग द्वारा जरिये फोन बात करते हुए 50,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाकर साइबर धोखाधडी की गयी थी, जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा कुल धनराशि ₹ 41,000/-रुपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस करायी गई। थाना शिवली पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना शिवली पुलिस को धन्यवाद दिया।

खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।

<u>वापस करायी गयी धनराशि-</u>

₹ 41,000/-

<u>धनराशि वापस कराने वाली टीम-</u>

थाना शिवली पुलिस